आकाशवाणी शिमला

08.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल हिमाचल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का करेंगे हवाई सर्वेक्षण–धर्मशाला में राज्य सरकार के साथ आपदा को लेकर होगी चर्चा।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल को पूर्ण साक्षर राज्य किया घोषित।
- राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश सिविल सेवाएं संशोधित वेतन नियम को हटाने की अधिसूचना की स्थगित।
- अंतर मंत्रालयी केन्द्रीय दलों ने चम्बा व कुल्लू जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का लिया जायजा।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा थमने से राहत व बचाव कार्य में आई तेजी–चम्बा–भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग छोटे वाहनों के लिए बहाल।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 9 सितम्बर को हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री धर्मशाला में आपदा से हुए नुकसान को लेकर राज्य सरकार के साथ एक समीक्षा बैठक भी करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए धर्मशाला व इसके आसपास के क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री के साथ होने वाली इस बैठक में राज्य सरकार की तरफ से आपदा को लेकर विस्तृत प्रैजेंटेशन दी जाएगी ताकि प्रदेश को आपदा राहत पैकेज मिल सके। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री आपदा की इस घड़ी में हिमाचल को विशेष राहत पैकेज प्रदान करेंगे।

*प्रधानमंत्री जी आकर पूरा सर्वे करेंगे। सर्वे के बाद हमारी उनके साथ कल प्रेजेंटेशन है निश्चित रूप से जब प्रधानमंत्री जी आते हैं तो आशा तो होती है। स्पेशल रिलीफ पैकेज की हमें आशा है 5000 करोड़ तक का नुकसान का अभी अनुमान है और इससे ज्यादा बढ़ सकता है क्योंकि कई सड़के पंचायत की है जो अभी टूटी हुई है और कोई सड़के हमारे राज्य की है जो टूटी हुई है पावर प्रोजेक्ट है वह पानी में डूब चुके हैं सिंचाई की योजनाएं पीने की पानी की योजनाएं, सब योजनाओं को बहुत अधिक पैसा लगता है।*

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हिमाचल दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। आपदा की इस घड़ी में हिमाचल का दौरा करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री को प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के बारे में अवगत करवाएंगे ताकि हिमाचल को अधिक से अधिक मदद मिल सके।

अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल को पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शिमला में आयोजित पूर्ण साक्षर हिमाचल समारोह और उल्लास मेले को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने आज ये घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1971 में पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल ने क्रांतिकारी बदलाव किए हैं जिसके चलते आज प्रदेश साक्षर राज्य बना है।

*आज पूर्ण साक्षर राज्य के रूप में हमने घोषित किया है। केंद्र सरकार ने हमारी उपलब्धि के लिए हिमाचल प्रदेश को पूर्ण साक्षर राज्य का दर्जा दिया है। 1971 में पूर्ण राज्य हिमाचल प्रदेश बना ,उसके बाद से शिक्षा के क्षेत्र में बड़े क्रांतिकारी बदलाव आए। और इन क्रांतिकारी बदलावों के कारण जहां हम पूर्ण साक्षर राज्य बने और गुणात्मक शिक्षा में भी आने वाले समय में पहले कुछ राज्यों में शामिल हो जाएंगे।*

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके मद्देनजर डे–बोर्डिंग स्कूल, पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई सहित अनेक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हिमाचल की साक्षरता दर 99 दशमलव तीन फीसद है जो राष्ट्रीय स्तर की साक्षरता दर 80 दशमलव 9 प्रतिशत से कहीं अधिक है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के शेष 56 हजार 9 सौ 60 निरक्षरों को साक्षर बनाने की नई योजना का भी ऐलान किया। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

सुक्खू

राज्य सरकार ने 6 सितम्बर को जारी हिमाचल प्रदेश सिविल सेवाएं संशोधित वेतन नियम 2022 में नियम 7ए को हटाने की अधिसूचना स्थगित कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कर्मचारियों को किसी तरह का आर्थिक नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में कर्मचारियों को कोई एडिशनल इंक्रीमेंट नहीं मिलेगी हालांकि जो पहले दी जा चुकी है उसे वापिस भी नहीं लिया जाएगा।

इससे पहले सरकार द्वारा हायर ग्रेड पे से जुड़ी अधिसूचना जारी करने के बाद कर्मचारी इसके विरोध में है और आज कर्मचारी संगठनों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस फैसले को वापिस लेने की पुरजोर मांग की।

केन्द्रीय टीम

केन्द्र सरकार के अंतर मंत्रालयी केंद्रीय दल ने आज चम्बा जिला के विभिन्न आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का विस्तृत जायजा लिया। बाद में केन्द्रीय दल ने चम्बा जिला प्रशासन व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि भारी वर्षा के कारण जिले में 43 हजार 4 सौ 32 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। इस दौरान केन्द्रीय टीम के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जिले में आपदा से हुए नुकसान की विस्तृत आकलन रिपोर्ट केन्द्र सरकार से संबंधित विभागों में प्रस्तुत कर जल्द राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस बीच

केन्द्रीय अंतर मंत्रालय की एक अन्य टीम ने कुल्लू जिला के विभिन्न स्थानों पर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया।

## लोकार्पण

पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह और लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज संयुक्त रूप से शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के घण्डल में पंचायत घर का लोकार्पण किया। बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश आत्मनिर्भर हिमाचल की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के प्रयासों से शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान स्थापित हैं। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि घण्डल पंचायत घर प्रदेश का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पंचायत घर है। उन्होंने बताया कि शिमला ग्रामीण में 14 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत से इस तरह के 9 नए पंचायत घर बनाए जा रहे हैं। इस दौरान लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पंचायतों को अपनी आय बढ़ाने के लिए विकल्प तैयार करने और अपने स्तर पर नए फैसलों को लागू कर अपनी आय को सुदृढ़ करने पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनीं और सामुदायिक भवन घण्डल का शिलान्यास भी किया।

## राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने अधिकारियों को बिलासपुर जिले के घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में बंद सड़कों व पेयजल योजनाओं को युद्धस्तर पर बहाल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज घुमारवीं में लोकनिर्माण व जलशक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। राजेश धर्माणी ने कहा कि बीते दिनों हुई भारी वर्षा के कारण क्षेत्र में लोकनिर्माण व जलशक्ति विभाग को करीब 55 करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। इससे पहले उन्होंने घुमारवीं सुनहाणी–बरठीं सड़क का निरीक्षण भी किया और जनसमस्याएं भी सुनीं।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना रहा हालांकि कुछ स्थानों में मानसून की हल्की वर्षा भी हुई है। बारिश का दौर थमने से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाए जा रहे हैं। चम्बा–भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग 154ए को आज छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया है जिससे भरमौर क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है। इधर कुल्लू जिले के बंजार उपमण्डल के दूरदराज क्षेत्र निहारनी में आज वायुसेना के एम.आई.–17 हैलीकॉप्टर से 30 क्विंटल राशन एयरड्रॉप किया गया। भारी वर्षा व भू–स्खलन के चलते राज्य में अभी भी 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 7 सौ 44 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 9 सौ 59 बिजली ट्रांसफार्मर जबकि 4 सौ 72 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की सम्भावना जताई है।

डेजी ठाकुर

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए जीएसटी में एतिहासिक सुधार करके बड़ा तोहफा दिया है। सोलन से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि 2014 से पहले टैक्स का भारी जाल हर वस्तु पर लागू था जिससे आम आदमी और मध्यम वर्गीय परिवारों पर बोझ था। डेजी ठाकुर ने कहा कि अब जीएसटी दरों में कटौती और सरलता लाई गई है जिससे हर घर परिवार को राहत मिली है।